**BHILWARA SPINNERS LTD.**
**CIN L17115RJ1980PLC008217**
**Regd. Office:**
26, Industrial Area, Poxt Box No.6,
Gandhi Nagar, Bhilwara-311 001 (Rajasthan) India
Ph : 01482 – 246601 Fax : 01482 – 246461
Email : bhilspinbs@gmail.com, Mobile : 94141 14972

Bhilspin/2026-27/
July 26, 2026

To,
Bombay Stock Exchange Limited
Corporate Relationship Department
1st Floor, New Trading Ring
Rotunda Building, P.J. Towers
Dalal Street, MUMBAI-400 001

Sub: Submission of copy of public notice of advertisement of Unaudited Financial Result for the quarter ended 30th June, 2026 under Regulation 30 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulation, 2015.

Dear Sir,

Please find enclosed copies of the published Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended 30th June,2026. The said results were published in English Newspaper in the "Financial Express" and in Hindi Newspaper in the "Danik Lok Jeevan"

Thanking you,

Yours faithfully,
For : **BHILWARA SPINNERS LIMITED**

BHOPAL SINGH CHOUDHARY
Digitally signed by BHOPAL SINGH CHOUDHARY
Date: 2026.07.26 12:21:16 +05'30'

**(B.S. CHOUDHARY)**
**CHIEF FINANCIAL OFFICER**

Encl.: As above.



# छत्तीसगढ़ के छोटे से गांव में जन्मे पारस, फिर बने मुनि पुलक सागर - मंगल प्रवेश पर विशेषः एक चमत्कार ने बदल दिया सब कुछ

छत्तीसगढ़ के एक छोटे से गाँव धम्त्री में 11 मई 1970 को धार्मिक जैन परिवार में एक दिव्य आत्मा का जन्म हुआ। ये आत्मा कोई और नहीं बल्कि मुनि पुलक सागर जी महाराज थे। उनके जन्म से पिता भीकमचंद और माता गोपी बाई जैन के घर में सुख, धन, मान-सम्मान और शांति का संचार हुआ। दीक्षा से पहले उनका नाम, उनकी आत्मा के समान, पारस था, जिसका अर्थ है पवित्र।

पिता भीकम चंद बेटे पारस का भविष्य जानने के लिए परिवार के पंडित जी से मिलने गए। पंडितजी ने उन्हें बताया गया कि पारस एक साधारण बच्चा नहीं है, बल्कि एक महान संत बनेगा, जो आध्यात्मिकता का प्रकाश फैलाएगा। बचपन से ही पारस धार्मिक ग्रंथों की ओर विशेष रूप से आकर्षित थे। पारस अपनी माता और नानी से जैन धर्मग्रंथ बड़े चाव से सुनते थे। इसी दौरान उनके जीवन में आध्यात्मिक जीवन का पहला बीज बोया गया।

महज 23 वर्ष की आयु में जब पारस समकालीन संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के संपर्क में आए, तो सत्य की उनकी खोज और भी तीव्र हो गई। पारस भौतिक संसार से विरक्त हो रहे थे, जो क्षणिक सुख, दुख और कष्टों के सिवा कुछ नहीं दे सकता। 27 जनवरी 1993 को आचार्य विद्या सागर जी महाराज ने पारस की उंगली पकड़कर उन्हें आध्यात्मिकता की ओर पहला कदम बढ़ाने में सहायता की और उन्हें ब्रह्मचर्य व्रत का वरदान दिया। पारस ने श्री पुष्पदंत सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में मानव जाति की सेवा की और जैन धर्म का प्रचार किया।

### पुष्पदंत सागरजी महाराज ने दी ऐलक दीक्षा

उनके दृढ़ संकल्प, नेक स्वभाव और धार्मिक विचारों से आचार्य श्री पुष्पदंत सागर जी महाराज भी प्रभावित हुए और उन्होंने 27 जनवरी, 1994 को ग्वालियर में उन्हें ऐलक दीक्षा प्रदान की। इस शुभ दिन, उन्हें सच्चे आध्यात्मिक वरदान - पिच्छी और कमंडल प्राप्त हुए। बाद में, कानपुर में विशाल जनसमूह के समक्ष उन्हें मुनि दीक्षा दी गई और आचार्य श्री ने उनका नाम मुनि पुलक सागर रखा। गुरु की कृपा और आशीर्वाद से मुनि श्री 108 पुलक सागर जी ने परम सत्य को प्राप्त किया।

### राम बिना जग सूना सहित कई पुस्तकें लिखी

मानव सेवा के उद्देश्य से आचार्य पुलक सागर जी ने अनेक धार्मिक पुस्तकें (साहित्य) लिखी हैं, जैसे आखिर क्यों, भूख, बोत्तल का तूफान, संत साधना, मेरी आवाज सुनो, प्रथम सोपान, राम बिना जग सुना, प्रार्थना सोपान, संस्कारों का संखनाद, अनासक्त योगी, अर्हत गीता, है बुद्धपा, कन्यादान आदि। ये चित्र मुनि श्री के गहन ज्ञान और धार्मिक व्यक्तित्व को दर्शाते हैं। उन्होंने हम सभी को जियो और जिनो दो के आदर्श वाक्य के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने का मार्ग दिखाया और प्रेरित किया है।

### 2004 में दोनों घुटने खराब, डॉक्टर्स ने ऑपरेशन का बोला

साल 2004 में गुरु पुलक सागर जी के दोनों घुटने खराब हो चुके थे। उस दौरान देश के बड़े डॉक्टर्स ने उनके पैर की जांच की। चेकअप के बाद डॉक्टर्स ने कहा कि उनके दोनों पैर बदलने पड़ेंगे। ये खराब हो चुके हैं। इसका एक ही इलाज था और वो था ऑपरेशन, लेकिन जैन धर्म के मुनि कभी भी ऑपरेशन नहीं कराते। अगर ऑपरेशन कराना है तो उन्हें मुनि के पद को त्यागना पड़ता है। ऐसे में पुलक सागर जी ने ऑपरेशन नहीं करवाने का फैसला लिया।

### एक चमत्कार से सब कुछ बदला, 3500 सीढ़ियां चढ़ी

मुनिश्री पुलक सागर जी महाराज ने अपने दोनों घुटनों का ऑपरेशन तो नहीं कराया फिर उनके घुटने ठीक कैसे हो गए। इस बारे में बताते हैं कि- एक दफा मुनिश्री पर्वत पर एक मंदिर के दर्शन करने के लिए गए थेद्ध इसके लिए उन्हें 3500 सीढ़ियां चढ़नी थी। बाबा ने खुद का ढांढस बांधा और सीढ़ियां चढ़नी शुरू कर दीं। इस दौरान 100-200 सीढ़ियां चढ़ने के बाद उनके घुटनों में दर्द होने लगा और वे एक जगह पर ठहर गए। इसके बाद उन्होंने जो देखा उसने उनका जीवन बदल दिया। उन्होंने देखा कि किस तरह से उनके बगल में एक 5 वर्ष की लड़की खेलते-उछलते सीढ़ियां चढ़ रही है। जैन गुरु ये देखकर प्रेरित हुए। उन्होंने ये प्रण लिया कि वे भी ये सीढ़ियां बिना किसी की मदद के चढ़ेंगे भी और उतरेंगे भी। उन्होंने वैसा ही किया और उसके बाद से सबसे बड़ा चमत्कार ये हुआ कि बाबा जी के घुटनों का दर्द पूरी तरह से ठीक हो गया।

## एफआरटी कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के बाद हरकत में आया विद्युत विभाग



**शाहपुरा।** विद्युत विभाग के एफआरटी (फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम) कर्मचारियों द्वारा वेतन वृद्धि की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की घोषणा और ज्ञापन सौंपे जाने के बाद विभागीय तंत्र में हड़कंप मच गया है। मामले की संवेदनशीलता और आपूर्ति बाधित होने की आशंका को देखते हुए सहायक अभियंता ने तत्काल कदम उठाते हुए 27 जुलाई को सुबह 11 बजे बैठक आहूत की है। जारी निर्देशों में शाहपुरा, ढीकोला और सूरजपुरा के कनिष्ठ अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्र के सभी एफआरटी कर्मचारियों की नामवार विस्तृत सूची के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के आदेश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि कर्मचारियों ने लंबे समय से मानदेय न बढ़ने और लगातार मिल रहे आश्वासनों से क्षुब्ध होकर आंदोलन का रास्ता अपनाया है। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में कर्मचारियों की वेतन वृद्धि और अन्य ज्वलंत समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा कर समाधान का रास्ता निकालने का प्रयास किया जाएगा। सेवा ठप होने के बीच कर्मचारियों को उम्मीद है कि इस वार्ता से उनकी समस्याओं पर कोई ठोस व सकारात्मक निर्णय निकल कर आएगा।

## दूरस्थ शिक्षा प्रणाली और पाठ्यक्रमों की दी विस्तृत जानकारी



**शाहपुरा।** स्थानीय श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय स्थित वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा प्रणाली, प्रवेश प्रक्रिया और विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विविध पाठ्यक्रमों से परिचित करवाकर उन्हें जागरूक करना था। कार्यशाला के दौरान विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. दिलीप शर्मा, सीएल बोराना तथा सुनील माथुर ने स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य कॉर्डिनेटर डॉ. पुष्कर राज मीणा ने दूरस्थ शिक्षा के व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री प्राप्त करने, आंतरिक मूल्यांकन (असाइनमेंट) जमा करने की समयबद्ध प्रक्रिया और परीक्षा प्रणाली के तकनीकी पहलुओं से रूबरू कराया।अध्ययन केंद्र समन्वयक प्रो. मूलचंद खटीक ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए आगत अतिथियों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. रामावतार मीना, डॉ. ऋचा अंगिरा, प्रो. धर्मनारायण वैष्णव, प्रो. दिग्विजय सिंह, प्रो. मुकेश कुमार मीणा, प्रो. विजय परमार, सुरेश पेसवानी, रवि कौली सहित एम.एससी. (पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध) रसायनशास्त्र प्रैक्टिकल कैंप के प्रतिभागी विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नीट पेपर लीक और लाठीचार्ज के विरोध में एसडीपीआई ने निकाली आक्रोश रैली




**शाहपुरा।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे निर्दोष छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में शाहपुरा में जन-आक्रोश फूट पड़ा। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के जिलाध्यक्ष सिराजुद्दीन शाह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने महलों के चौक से त्रिमूर्ति चौराहे तक विरोध रैली निकाली। त्रिमूर्ति चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारेबाजी की और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग की। इस अवसर पर पार्षद यूसुफ मोहम्मद सिलावट ने पुलिसिया कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र व संवैधानिक अधिकारों का हनन बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार को दोषियों के खिलाफ अविलंब सख्त कदम उठाने होंगे।

## आयकर दिवस पर सीए ने किया आयकर अधिकारियों का सम्मान



**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**

इनकम टैक्स डे पर आईसीएआई की भीलवाड़ा शाखा द्वारा आयकर विभाग के अधिकारी अंकित अग्रवाल एवं याशील ध्यानी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। अधिकारियों के कर प्रशासन में योगदान तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं करदाताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के योगदान पर खुशी जताई। शाखा पदाधिकारियों एवं आयकर विभाग के अधिकारियों के बीच विभिन्न समसामयिक कर संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में आयकर कानूनों के प्रभावी अनुपालन, करदाताओं को समयबद्ध एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने, फेसलेस असेसमेंट, ई-फाइलिंग से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं के समाधान तथा विभाग एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के बीच बेहतर समन्वय को लेकर विचार-विमर्श किया गया। नवीनतम आयकर प्रावधानों, रिटर्न फाइलिंग, विभागीय प्रक्रियाओं एवं कर अनुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां आम करदाताओं तक पहुंचाई जाएंगी, जिससे स्वैच्छिक कर अनुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा।

शाखा अध्यक्ष सीए दिनेश सुथार ने कहा कि आयकर विभाग एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के बीच निरंतर संवाद और समन्वय से करदाताओं को अधिक सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संयुक्त जागरूकता कार्यक्रमों से कर शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा तथा करदाताओं में जागरूकता और विश्वास दोनों मजबूत होंगे। शाखा उपाध्यक्ष सीए सत्यनारायण लाठी, कोषाध्यक्ष सीए अक्षय सोडानी, पूर्व अध्यक्ष सीए आलोक सोमानी, समिति सदस्य सीए पुनीत मेहता तथा सीआईआरसी सचिव सीए निर्भीक गांधी उपस्थित रहे।

## तलवार की धार पर दिखा नारी शक्ति का शौर्य

**दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में आयोजन**



**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**

दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में एवं भारत माता सेवा समिति के सहयोग से चित्तौड़गढ़ में महेश वाटिका गांधीनगर में आयोजित सात दिवसीय तलवार शक्ति प्रदर्शन प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। सात दिनों तक चले इस शिविर में 105 प्रशिक्षणार्थियों ने तलवार संचालन, आत्मरक्षा, अनुशासन और साहस का प्रशिक्षण प्राप्त कर महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। आयोजन प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, प्रदेश सचिव मंजू गांधी, प्रकल्प प्रमुख सोनल माहेश्वरी के सानिध्य तथा शक्ति वंदनम समिति की संयोजिका जया तोषनीवाल के नेतृत्व में किया गया। भारत माता सेवा समिति की प्रियंका जैन ने बताया कि समापन समारोह में अखिल भारतवर्षीय राष्ट्रीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ममता मोदानी मुख्य अतिथि, श्री महेश शिक्षा निकेतन के अध्यक्ष कैलाश तोषनीवाल प्रधान अतिथि तथा पूर्व अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट बोर्ड की डॉ. सुशीला लढा प्रमुख अतिथि रहीं। कार्यक्रम में पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री कुंतल तोषनीवाल, प्रदेश संगठन मंत्री कृष्णा समदानी, प्रदेश सह सचिव नीलिमा माहेश्वरी तथा महेश वाटिका अध्यक्ष भरत जागेटिया आदि उपस्थित रहे। शिविर का प्रशिक्षण शक्ति समूह, निंबाहेड़ा के प्रशिक्षकों मनोहर माली, अमन सेन, नव्या शर्मा, परिधि अग्रवाल, निहारिका तेली, इशिका राजोरा एवं वेदिका सोनी द्वारा दिया गया।

## स्व. काबरा की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**शाहपुरा।** भारतीय जनता पार्टी को मजबूत आधार देने वाले, संगठन के प्रति समर्पित एवं संघर्षशील व्यक्तित्व स्वर्गीय कैलाश काबरा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अपने पैतृक गांव सारास बिलिया से राजनीतिक सफर शुरू करने वाले कैलाश काबरा ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, जिला मंत्री, जिला महामंत्री, जिला परिषद सदस्य, केवीएसएस डायरेक्टर तथा सहकारिता प्रकोष्ठ जैसे कई महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। इन पदों पर रहते हुए उन्होंने क्षेत्र के विकास और संगठन विस्तार में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

## देवशयनी एकादशी पर श्री विष्णु भगवान की कथा, आरती एवं प्रसाद वितरण



गुलाबपुरा। श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर, बालाजी चौक, में देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भगवान श्री विष्णु की कथा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु के श्रीचरणों में अपनी आस्था अर्पित करते हुए धर्म एवं भक्ति का संदेश ग्रहण किया। कथा के उपरांत भगवान श्री विष्णु की विधिवत महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आरती का लाभ प्राप्त किया। मंदिर महंत पवन दास वैष्णव ने बताया कि देवशयनी एकादशी से भगवान श्रीहरि विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में प्रवेश करते हैं। इसी दिन से चातुर्मास का शुभारंभ होता है। इस अवधि में जप, तप, दान, व्रत, सत्संग एवं भगवान विष्णु की आराधना का विशेष महत्व माना गया है। उन्होंने कहा कि देवशयनी एकादशी का व्रत एवं श्रीहरि की उपासना करने से मनुष्य के पापों का नाश होता है, सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है तथा भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस अवसर पर बालाजी भक्त विजय भाटिया, महावीर लढा श्याम सुंदर नवाल ,बालाजी महिला मंडल अध्यक्ष रेखा भाटिया ,पारस वैष्णव आदि भक्तजन उपस्थित थे ।

**राज्य सरकार ने किया आइएचएमएस डॉक्टर डेस्क मॉड्यूल लागू**

# सरकारी अस्पतालों में अब डॉक्टर कम्पयूटर एवं टैबलेट से जारी करेंगे ई-प्रिस्क्रिप्शन

**31 जुलाई तक सभी सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था के निर्देश**

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अब सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की ओर से पर्ची पर हाथ से दवाइयां लिखना बंद होगा।

इसकी जगह डॉक्टरों को कंप्यूटर या टैबलेट के जरिए आइएचएमएस डॉक्टर डेस्क मॉड्यूल का उपयोग कर डिजिटल इ-प्रिस्क्रिप्शन जारी करने होंगे। सभी जिला अस्पतालों, उप जिला अस्पतालों, सैटेलाइट अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आगामी 31 जुलाई तक डॉक्टर डेस्क मॉड्यूल का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। इस प्रणाली से मरीजों के उपचार में गति और गुणवत्ता आएगी।




मरीज का पूरा मेडिकल इतिहास आइएचएमएस के जरिए उसकी आभा आइडी से जुड़ जाएगा। इससे मरीज देश-प्रदेश में कहीं भी इलाज कराए, उसका पिछला स्वास्थ्य रिकॉर्ड एक क्लिक पर उपलब्ध रहेगा। अस्पतालों की ओपीडी सेवाओं में इस मॉड्यूल को नियमित कार्यप्रवाह का हिस्सा बनाया जाएगा। डॉक्टरों के सहयोग के लिए डेटा एंट्री ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, जीएनएम , नर्सिंग कार्मिक व इंटर्स की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो मरीज की जानकारी और जांच विवरण सिस्टम में दर्ज करेंगे। हालांकि, दवाइयों के चयन और अंतिम इ-प्रिस्क्रिप्शन को अप्रूव करने का अधिकार केवल संबंधित चिकित्सक का ही होगा। आइटी उपकरणों की खरीद के लिए अस्पतालों को डीएचआइएस आय का उपयोग करने की छूट दी गई है। किसी भी तकनीकी खराबी के त्वरित समाधान के लिए आइटी कार्मिकों को समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## 108 एंबुलेंस में बढ़ा प्रसव पीड़ा का दर्द ईएमटी की सूझबूझ से सुरक्षित हुआ प्रसव

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**



मांडल क्षेत्र के गणेशपुरा निवासी एक गर्भवती महिला के लिए 108 एंबुलेंस सेवा देवदूत साबित हुई। एंबुलेंस में जा रही महिला को रास्ते में अचानक तेज प्रसव पीड़ा होने पर ईएमटी और पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित प्रसव करवाया। महिला ने एक स्वस्थ बालक को जन्म दिया है।

जानकारी के अनुसार, 108 एंबुलेंस की टीम गणेशपुरा निवासी गर्भवती महिला निरमा देवी को अस्पताल ले जा रही थी। रास्ते में अचानक महिला का दर्द काफी बढ़ गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नर्सिंग ऑफिसर (ईएमटी) भूपेंद्र शर्मा और एंबुलेंस पायलट नरेश गर्ग ने तुरंत निर्णय लिया और वाहन को सड़क किनारे एक सुरक्षित स्थान पर रोक दिया। ईएमटी भूपेंद्र शर्मा ने एंबुलेंस में ही प्रसव की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस दौरान पायलट नरेश गर्ग ने भी पूरा सहयोग दिया। इसके बाद जच्चा-बच्चा को तत्काल उप जिला अस्पताल मांडल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को पूरी तरह से स्वस्थ बताया। परिजनों ने 108 एंबुलेंस की टीम की तत्परता और कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनका आभार जताया।

# प्रसव में लापरवाही अब नहीं चलेगी हर डिलीवरी पॉइंट पर मेडिकल कॉलेज की नजर

**108 एम्बुलेंस में मिलेगा एंटी-शॉक गारमेंट - गंभीर एनीमिक की होगी विशेष मॉनिटरिंग**

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**

प्रसव के दौरान महिलाओं की मौत के मामलों को लेकर सरकार अब सख्त हो गई है। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में प्रसव व्यवस्था की निगरानी से लेकर आपात स्थिति में इलाज तक की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। अब हर सरकारी डिलीवरी पॉइंट की मॉनिटरिंग संबंधित जिले का मेडिकल कॉलेज करेगा। मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डिलीवरी पॉइंट पर कार्यरत चिकित्सकों को मार्गदर्शन देने के साथ व्यवस्थाओं की निगरानी भी करेंगे। अगले पांच दिनों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रशिक्षण देकर प्रसव संबंधी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) की पालना सुनिश्चित कराई जाएगी। प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव से होने वाली मातृ मृत्यु रोकने के लिए प्रदेश की सभी 108 एम्बुलेंस में एंटी-शॉक नॉन-प्न्यूमेटिक गारमेंट उपलब्ध कराया जाएगा। पैरामेडिकल स्टाफ को इसके उपयोग का प्रशिक्षण




भी दिया जाएगा। वहीं गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं की पहचान कर समय पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन, आयरन इंजेक्शन और आयरन सुक्रोज जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### हर अस्पताल में बनेगा प्रसव सखी काउंटर

सरकार ने सभी अस्पतालों में प्रसव सखी काउंटर शुरू करने और प्रसव सखी की नियुक्ति पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को प्रसव के दौरान जरूरी सहायता और जानकारी उपलब्ध कराना है।

### कैंसर स्क्रीनिंग और मानसून बीमारियों पर भी फोकस

स्वास्थ्य निदेशालय स्तर पर कैंसर सेल का गठन होगा। कैंसर स्‍ीनिंग वैन का प्रभावी उपयोग करने के साथ शिविरों का 10 दिन पहले प्रचार किया जाएगा। हर जिले में मासिक कैंसर स्‍ीनिंग शिविर का कैलेंडर बनेगा। मानसून को देखते हुए डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए भी जिलों को पहले से तैयारी और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# नाकाबंदी तोड़कर भागी कार से 351 किग्रा अवैध डोडा पोस्त जब्त

**70.68 लाख रुपए का माल बरामद , आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार**

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा/जहाजपुर**

क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से करीब 351.220 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। बरामद डोडा पोस्त और जब्त की गई कार की कुल अनुमानित कीमत 70.68 लाख रुपए आंकी गई है। हालांकि, चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहा। वृत्ताधिकारी रेवडमल मोर्य ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एनएच 148डी पर भूतेश्वर महादेव मंदिर के पास नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान एक संदिग्ध किया कैरेंस कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी और नाकाबंदी तोड़कर भाग निकला। पुलिस टीम ने कार का



पीछा किया तो चालक नेशनल हाईवे पर ही वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग खड़ा हुआ। तलाशी लेने पर कार के भीतर से 351.220 किग्रा डोडा पोस्त बरामद हुआ। वाहन की जांच में उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी पाई गई। थानाधिकारी दयाराम चौधरी, एएसआई राजेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल मानसिंह, कांस्टेबल संदीप, विजय कुमार, बाबूलाल व गिरधारी लाल की टीम ने कार्रवाई करते हुए कार और डोडा पोस्त जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार डोडा पोस्त की कीमत 52.68 लाख और कार की कीमत 18 लाख रुपए (कुल 70.68 लाख रुपए) है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

**कार्यालय नगरपालिका, गुलाबपुरा, जिला-भीलवाड़ा**

E-Mail ID : eombgp@yahoo.in, npbgulabpura@gmail.com Telephone No. 01483-23079

क्रमांक / नपागु / स्टोर / 2026-27 / 999-1001 दिनांक :- 22.07.2026

**-: NOTICE INVITING BID :-**

Bids for (Supply) are invited from interested bidders on Date 29/07/2026 Time 10:00 AM to 02:00 PM and Copy Deposite on Date 29/07/2026 Time 02:00 PM to 03:00 PM. and Bid Open On The Day 29/07/2026 at 04:00 PM. Other Particulars of the bid may be visiting on the on the State procurement portal **http://sppp.raj.nic.in**

**Tender Reference No.: GULABPURA/STORE/NIT/16/2026-27**

**SPPP Tender ID: NIB code DLB2627A4590 and Work No. 01 UBN No.: DLB2627SSOB10960, Work No. 02 UBN No.: DLB2627SSOB10962, Work No. 03 UBN No.: DLB2627GSOB10963**

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका गुलाबपुरा

Raj.Samwad/C/26/7512

**Bhilwara Spinners Limited**

CIN: L117115 RJ1980 PCL008217
**Regd. Off.:** 26, Industrial Area, Bhilwara - 311 001 (Rajasthan)
Tel No.: +91 1482 246461, E-mail ID: bhilspin@gmail.com
Website: www.bhilwaraspinners.com

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30Th JUNE, 2026**

(Rs. in Lacs)

| Particulars | Quarter ended 30.6.2026 | Year ended 31.3.2026 |
|---|---|---|
| | Audited | |
| Total income from Operation (net) | 3384.02 | 7447.44 |
| Other Income | 64.27 | 111.87 |
| Exceptional Items | 0.00 | 63.11 |
| Net Profit (+)/Loss(-) from Ordinary Activities | 232.96 | 193.04 |
| Net Profit (+)/Loss(-) after Exceptional income & tax | 191.00 | 490.8 |
| Paid-up equity share capital (Face Value of the Share Rs.10/- per share) | 905.36 | 905.36 |
| Reserve excluding Revaluation Reserves as per balance sheet of previous accounting year | - | - |
| Earning per share from Orderinary Activties | 2.57 | 2.13 |
| Earning per share after Exceptional Income & Tax | 2.11 | 5.42 |

**Note:**

1 The above is an extract of the detailed formet of financial result for the quarter ended 30th June 2026 filed with the stock Exchange under regulation 33 of SEBI (Listing and other Discloser Requirments)Regulations 2015.The full formet of the financial results are avalable on the stock Exchanges websites www.bseindia.com and Company's website www.bhilwaraspinners.com.

Date : 24th July, 2026
Place : Bhilwara (Rajasthan)

By order of the Board
for Bhilwara Spinners Limited
(ANSHUL KOTHARI)
Managing Director
DIN: 2624500